राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट
(एनआईसीडीआईटी)

वार्षिक रिपोर्ट
और
अंकेक्षित वित्तीय विवरण
(हिंदी तथा अंग्रेज़ी)

वित्तीय वर्ष 2023-24

संगठन के संबंध में प्रासंगिक विवरण प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र ओ.एम नं. के पैरा 02 पर भेजा गया एल.ए.फ़.इ.ए. एस -सी.बी.II067/18/2019-सी.बी.-II दिनांक 23.10.2019 लोकसभा सचिवालय

मंत्रालय का नाम: - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

विभाग का नाम: उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डी.पी.आई.आई.टी)

संगठन का नाम: राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट

क्रम संख्या	विवरण	टिप्पणी		
1	कृपया निर्दिष्ट करें, क्या संगठन स्वायत्त / सांविधिक निकाय, संयुक्त उद्यम, निगम, सार्वजनिक उपक्रम, आदि है	ट्रस्ट		
2	संगठन की स्थापना का वर्ष	2012		
3	क्या संगठन संबंधित मंत्रालय / विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है	उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डी.पी.आई.आई.टी)		
4	संगठन को संचालित करने वाले अधिनियम / नियम / विनियम	न्यास विलेख तथा भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 तथा सामान्य वित्तीय नियम, 2017		
5	क्या उपरोक्त क्रम संख्या 4 में उल्लिखित अधिनियम / नियम / विनियमन में सदन के पटल पर संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा रखने के प्रावधान हैं? (हाँ या नहीं में इंगित करे) (कृपया अधिनियम / नियम / विनियमन की एक प्रति संलग्न करें)	हाँ (सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 237 संलग्न है)		
6	यदि क्रम संख्या 5 से ऊपर का उत्तर हां में है, तो इन रिपोर्टों को पटल पर रखने के लिए निर्धारित समय सीमा को इंगित करें।	31 दिसंबर		
7	क्या संबंधित मंत्रालय / विभाग से संगठन को वित्तीय सहायता (एक बार / आवर्ती / वार्षिक) प्राप्त हुई है।	वार्षिक		
8	क्या स्थापना के बाद से निरंतर, संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा सदन के पटल पर रखे जा रहे हैं; (हाँ या नहीं में इंगित करे)	हाँ		
9	यदि ऊपर दिए गए क्रम संख्या 8 का उत्तर हां है, तो पिछले तीन वर्षों यानी 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए सदन के पटल पर अपेक्षित दस्तावेज रखने की तिथि (तारीखों) को इंगित करें।	**वित्तीय वर्ष**	**लोकसभा**	**राज्यसभा**
		2020-21	09.02.2022	11.02.2022
		2021-22	21.12.2022	23.12.2022
		2022-23	20.12.2023	07.02.2024
10	यदि क्रम संख्या 8 के ऊपर का उत्तर नहीं है; तो इसकी स्थापना के बाद से उन वर्षों का उल्लेख कारणों के साथ, जिनके लिए संगठन द्वारा अपेक्षित दस्तावेज नहीं रखे गए हैं, तथा वही, सदन के पटल पर कब तक रखे जाने की उम्मीद है।	लागू नहीं		

authority, not being a foreign State or international Body/Organization, the Comptroller and Auditor General is competent under Section 15 (1) of the CAG's (DPC) Act, 1971, to scrutinize the procedures by which the sanctioning authority satisfies itself as to the fulfillment of the conditions subject to which such Grants and/or loans were given and shall, for this purpose, have right of access to the books and accounts of that Institute or Organisation or authority.

Rule 236 **(3)** In all other cases, the Institution or Organisation shall get its accounts audited from Chartered Accountants of its own choice.

Rule 236 **(4)** Where the Comptroller and Auditor General of India is the sole auditor for a local Body or Institution, auditing charges will be payable by the auditee Institution in full unless specifically waived by Government

Rule 237 **Time Schedule for submission of annual accounts.** The dates prescribed for submission of the annual accounts for Audit leading to the issue of Audit Certificate by the Comptroller and Auditor General of India and for submission of annual report and audited accounts to the nodal Ministry for timely submission to the Parliament are listed below:-

(I) Approved and authenticated annual accounts to be made available by the Autonomous Body to the concerned Audit Office and commencement of audit of annual accounts-30th June

(ii) Issue of the final SAR in English version with audit certificate to Autonomous Body/ Government concerned -31st October

(iii) Submission of the Annual Report and Audited Accounts to the Nodal for it to be laid on the Table of the Parliament -31st December

Rule 238 (1) Utilization Certificates. In respect of non-recurring Grants to an Institution or Organisation, a certificate of actual utilization of the Grants received for the purpose for which it was sanctioned in Form GFR 12-A, should be insisted upon in the order sanctioning the Grants-in-aid. The Utilization Certificate in respect of Grants referred to in Rule230 (10) should also disclose whether the specified, quantified and qualitative targets that should have been reached against the amount utilised, were in fact reached, and if not, the reasons therefor. They should contain an output based performance assessment instead of input based performance assessment. The Utilization Certificate should be submitted within twelve months of the closure of the financial year by the Institution or Organisation concerned. Receipt of such certificate shall be scrutinised by the Ministry or Department concerned. Where such certificate is not received from the Grantee within the prescribed time, the Ministry or Department will be at liberty to blacklist such Institution or Organisation from any future grant, subsidy or other type of financial support from the Government.

Rule 238 **(2)** In respect of recurring Grants, Ministry or Department concerned should release any amount sanctioned for the subsequent financial year only after Utilization Certificate in respect of Grants of preceding financial year is submitted. Release of Grants-in-aid in excess of seventy five per cent of the total amount sanctioned for the subsequent financial year shall be done only after utilisation certificate and the annual audited statement relating to Grants-in-aid released in the preceding year are submitted to the satisfaction of the Ministry/Department concerned. Reports submitted by the Internal Audit parties of the Ministry or Department and Inspection Reports received from Indian Audit and Accounts Department and the performance reports if any received for the third and fourth quarter in the year should also be looked into while sanctioning further Grants.

Rule 238 **(3)** Utilization certificates need not be furnished in cases where the Grants -in –aid / CFA are being made as reimbursement of expenditure already incurred on the basis of duly audited accounts. In such cases the sanction letters should specify clearly that the Utilization Certificates will not be necessary.

Rule 238 **(4)** In respect of Central Autonomous Organisations, the Utilization Certificate shall disclose separately the annual expenditure incurred and the funds given to suppliers of stores and assets, to construction agencies, to staff for (House

विषय सूची

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1	वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट	1 - 24
2	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	25 - 28
3	वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रमाणित वार्षिक खाते	29 - 41

वार्षिक रिपोर्ट 2023-24

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी)

विषय सूची

क्र. सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	**परिचय**	3
	1.1 पृष्ठभूमि	3
	1.2 संस्थानिक ढांचा	4
	1.3 शक्तियों का प्रत्यायोजन	6
	1.4 औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं का नियोजन और उनकी संधारणीयता विशेषताएं	6
	1.5 व्यवसाय और संचालन की समग्र स्थिति	7
2.	**परियोजनाओं की संक्षिप्त स्थिति**	10
	2.1 एनआईसीडीआईटी और भारत सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजनाएं	10
	2.2 एनआईसीडीआईटी द्वारा अनुमोदित और भारत सरकार द्वारा विचाराधीन परियोजनाएं	14
	2.3 परियोजनाएं जो एनआईसीडीआईटी द्वारा विचारार्थ एवं मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत की जा रही है	16
3.	**अन्य स्टैंडअलोन परियोजनाएं**	18
	3.1 मोडल सौर परियोजना, नीमराणा, राजस्थान	18
	3.2 लॉजिस्टिक डेटा बैंक परियोजना	20
	3.3 एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी)	21
4.	**औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी) से नीति आधारित ऋण (पीबीएल)**	21
5.	**वित्तीय परिणामों का सारांश**	23
	आभार	24

1. **परिचय**

1.1 पृष्ठभूमि

15 सितम्बर, 2011 को भारत सरकार के अनुमोदन के अनुसार, न्यास विलेख के निष्पादन के माध्यम से 27 सितम्बर, 2012 को डीएमआईसी परियोजना कार्यान्वयन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी-पीआईटीएफ) को निगमित किया गया।

भारत सरकार ने 22 दिसंबर, 2016 के आदेश के तहत दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा परियोजना कार्यान्वयन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी-पीआईटीएफ) के अधिदेश और दायरे को विस्तारित करने की मंजूरी दी और देश में औद्योगिक गलियारों के एकीकृत विकास के लिए इसे राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के रूप में पुनः नामित किया। एनआईसीडीआईटी भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करता है। सरकार ने एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड के गठन को भी मंजूरी दी है, जिसकी संरचना इस प्रकार है:

i. सचिव, डीपीआईआईटी, अध्यक्ष;
ii. सचिव, व्यय विभाग, सदस्य;
iii. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, सदस्य;
iv. सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, सदस्य;
v. सचिव, पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग, सदस्य;
vi. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, सदस्य;
vii. सीईओ, नीति आयोग, सदस्य; और
viii. सीईओ, एनआईसीडीआईटी, सदस्य-सचिव

न्यास विलेख के खंड 8.5 के अनुसार, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे और एनआईसीडीसी लिमिटेड के सीईओ एवं एमडी एनआईसीडीआईटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य करेंगे।

एनआईसीडीआईटी की भूमिका, उत्तरदायित्व और कार्य इस प्रकार हैं:

क. औद्योगिक गलियारों के विकास के लिए सक्षमकारी संस्थागत, वित्त पोषण और संचालन ढांचा स्थापित करना;

ख. नए औद्योगिक गलियारे, नोड्स, अर्ली बर्ड परियोजनाएं और स्टैंडअलोन परियोजनाएं स्थापित

करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करना;

ग. सभी परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन करना तथा वित्तीय अधिकारों के अनुमोदित प्रत्यायोजन के अनुसार एसपीवी को इक्विटी या ऋण या दोनों की मंजूरी देना तथा परियोजना विकास के लिए अनुदान देना;

घ. ज्ञान साझेदारों, विशेष प्रयोजन योजनओं (एसपीवी) और राज्य सरकारों के माध्यम से औद्योगिक गलियारों में परियोजना विकास की गतिविधियों का समर्थन करना और उद्योगों के लिए निवेशकों की पहचान करने में राज्यों की सहायता करना;

ङ. आवश्यकता के अनुसार ऋण/इक्विटी के रूप में धन जुटाना, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का लाभ उठाना और परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों/अन्य हितधारकों के साथ संयुक्त उद्यम में गठित एसपीवी को इक्विटी/ऋण प्रदान करना;

च. पिछले अनुच्छेदों में उल्लिखित तौर-तरीकों को प्रभावी करने के लिए, समय-समय पर आवश्यकतानुसार राज्य सरकारों/परियोजना विशिष्ट एसपीवी/सार्वजनिक या निजी संगठनों के साथ अनुबंध करना;

छ. विशेष रूप से चिन्हित रणनीतिक अर्ली बर्ड परियोजनाओं के लिए राज्यों के मौजूदा तंत्रों के माध्यम से भूमि अधिग्रहण हेतु धन उपलब्ध कराना, जिन्हें पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जा सकता है। हालाँकि, शहर/नोड विकास के लिए भूमि अनिवार्य रूप से राज्य की इक्विटी होगी और इसका अधिग्रहण एवं पूर्ण भुगतान राज्य द्वारा किया जाएगा;

ज. एनआईसीडीआईटी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की सलाह पर सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में खातों का रखरखाव करेगा तथा ये खाते भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा के अधीन होंगे।

1.2 <u>संस्थानिक ढाचा</u>

क. एनआईसीडीआईटी का बोर्ड अन्य बातों के साथ-साथ प्रत्येक औद्योगिक शहर में भूमि अधिग्रहण की प्रगति और कार्यों के वास्तविक निष्पादन को ध्यान में रखते हुए, एसपीवी को भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान से ऋण और इक्विटी के इष्टतम मिश्रण, वित्तीय साधनों के चयन, धन की मात्रा, नियम और शर्तों एवं संवितरण अनुसूची को अनुमोदित और स्वीकृत करेगा। इसी प्रकार, परियोजना विकास के लिए ज्ञान साझेदार (साझेदारों) को अनुदान, कार्य की प्रगति के अनुसार चरणबद्ध तरीके से दिया जाएगा।

ख. एनआईसीडीआईटी वित्तीय संस्थाओं से दीर्घकालिक वित्त पोषण जुटाने के लिए भारत सरकार

द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का लाभ उठाएगा तथा उचित अनुमोदन प्राप्त करने के बाद औद्योगिक गलियारों के विकास का समर्थन करने के लिए कर मुक्त बांड, पूंजीगत लाभ बांड, ऋण संवर्धन आदि भी जुटाएगा।

ग. एनआईसीडीआईटी में भारत सरकार के योगदान का उपयोग परिक्रामी कोष के रूप में किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा एसपीवी में निवेश एनआईसीडीआईटी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि एसपीवी द्वारा सभी ऋण शोधन भुगतान और भारत सरकार द्वारा दिए गए अनुदानों का उपयोग करके एनआईसीडीसी द्वारा अब तक विकसित एसपीवी सहित एसपीवी से इक्विटी विनिवेश से प्राप्त आय को कॉर्पस में पुनः लगाया जा सके जो एनआईसीडीआईटी को भविष्य में ऐसे और अधिक औद्योगिक शहरों के विकास का कार्य करने में सक्षम बनाएगा। नोडल/शहर स्तरीय एसपीवी भारत सरकार/राज्य सरकार से उपयुक्त गारंटी द्वारा ऋण संवर्धन के माध्यम से और दीर्घकालिक ऋण जुटा सकते हैं, ताकि यह बीमा और पेंशन निधि द्वारा निवेश के लिए व्यवहार्य हो सके। नोडल/शहर स्तरीय एसपीवी अवसंरचना वित्त पोषण और वितरण के नवाचारी उपकरणों जैसे कि उपयोगकर्ता शुल्क वित्त पोषण, मूल्य निर्धारण नवाचार और विभिन्न पीपीपी व्यवस्था के माध्यम से वितरण का प्रयोग करने का प्रयास करेंगे। राज्य सरकार/एसपीवी द्वारा ऋण के रूप में या अन्यथा जुटाई गई धनराशि भी राज्य की ओर से अंशदान माना जाएगा।

घ. पीपीपी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए, केन्द्रीय क्षेत्र की अवसंरचना परियोजनाओं की तरह उनके निर्माण, मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए प्रचलित दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा। ऐसी परियोजनाएं प्रचलित नीति के अनुसार वॉयाबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) की पात्र होंगी। डीपीआईआईटी के सचिव और एनआईसीडीआईटी के सदस्य-सचिव औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी अनुमोदन समिति (पीपीपीएसी) के सदस्य होंगे। मास्टर प्लान/विकास योजनाओं के अनुरूप समन्वित विकास सुनिश्चित करने के लिए, एनआईसीडीआईटी द्वारा औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं में वीजीएफ के सभी प्रस्तावों को जांचा और अनुशंसित किया जाएगा ।

ङ. प्रत्येक औद्योगिक शहर/नोड को भारत सरकार द्वारा अधिकतम 3,000 करोड़ रुपये की सीमा के अधीन औसतन 2,500 करोड़ रुपये का समर्थन दिया जाएगा, जो भौगोलिक स्थिति, आकार, राज्य के योगदान और विकास संबंधी आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। प्रत्येक शहर/नोड के लिए वास्तविक आवश्यकता अलग-अलग हो सकती है, जो भूमि और बुनियादी ढांचे के विकास की लागत और भूमि खरीदने/भूमि संग्रहीकरण के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने की संबंधित राज्य सरकारों की क्षमता पर निर्भर करेगी। राज्य सरकार का योगदान भूमि या द्विपक्षीय/बहुपक्षीय वित्त पोषण सहित किसी भी स्रोत से उसके द्वारा जुटाई गई किसी अन्य धनराशि के माध्यम से होगा। यद्यपि गैर-पीपीपी परियोजनाओं के लिए प्रति शहर कुल आवश्यकता बहुत बड़ी हो सकती है तथा यह शहर-दर-शहर अलग-अलग होगी, फिर भी भारत सरकार का योगदान इन औद्योगिक शहरों/नोड्स के

विकास के प्रथम चरण को शुरू करने के लिए है। इसके बाद, आंतरिक मुद्रीकरण आदि के माध्यम से धन जुटाया जाएगा।

1.3 शक्तियों का प्रत्यायोजन

एनआईसीडीआईटी गैर-पीपीपी परियोजनाओं के ऐसे सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगा, जो उसके समक्ष रखे जाएंगे। एनआईसीडीआईटी बोर्ड द्वारा मूल्यांकन के आधार पर, यह 300 करोड़ रुपये तक के मूल्य वाली परियोजनाओं को अनुमोदन देगा। 300 करोड़ रुपये से अधिक परंतु 500 करोड़ रुपये तक के मूल्य वाली परियोजनाओं के मामले में प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। 500 करोड़ रुपये से अधिक परंतु 1,000 करोड़ रुपये तक के प्रस्तावों को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रभारी मंत्री तथा वित्त मंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य वाले सभी प्रस्ताव अनुमोदन हेतु आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) को प्रस्तुत किए जाएंगे।

इसके अलावा, 30 दिसंबर 2020 को आयोजित अपनी बैठक में सीसीईए ने एनआईसीडीआईटी को परियोजनाओं की प्रगति, भूमि की उपलब्धता और भौतिक तैयारियों के आधार पर विभिन्न परियोजनाओं की चरणबद्धता में परिवर्तन करने का अधिकार प्रदान किया है ।

वर्ष 2023-24 के दौरान, न्यासी बोर्ड ने 15 मई, 2023 और 08 जनवरी, 2024 को बैठक आयोजित की।

1.4 औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं का नियोजन और उनकी संधारणीयता विशेषताएं:

विकसित की जा रहीं औद्योगिक गलियारा परियोजनाएं स्थायी दृष्टिकोण को अपनाती हैं जो लो कार्बन सिटी (एलसीसी) के विकास में सहायता के लिए आधारभूत कार्य का रूप लेता है, जिसमें हरियाली वाले खुले स्थानों, सार्वजनिक परिवहन और परिवहन उन्मुख विकास (टीओडी) की योजना बनाना, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना, पारंपरिक ऊर्जा के उपयोग को न्यूनतम करना, जल संरक्षण और पुनर्चक्रण को बढ़ाना तथा ठोस अपशिष्ट पदार्थों की पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण शामिल है। ट्रंक अवसंरचना की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं, जिन्हें सभी परियोजनाओं में अपनाया गया है:

क. सभी यूटिलिटीज को भूमिगत करने की योजना बनाई गई है जिससे भूमि का बेहतर उपयोग हो सकेगा। वे परिवहन क्षेत्र से भी बाहर है ताकि रखरखाव और अन्य कार्यों के दौरान मुख्य वाहन मार्ग प्रभावित न हो।

ख. बस स्टेशनों की योजना 400 मीटर की पैदल दूरी के भीतर बनाई गई है। पहुंच बढ़ाने के लिए बेहतर अंतिम मील कनेक्टिविटी के विकल्प दिए गए हैं। यातायात पर प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए बस बे/बस स्टॉप का प्रावधान है।

ग. एसटीपी और सीईटीपी से अपशिष्ट जल को एकत्रित कर पुनर्चक्रित किया जाता है तथा पेयजल से भिन्न प्रयोजन के लिए उसे शहर में पुन: वितरित किया जाता है। किसी भी जल-प्लावन को रोकने और दक्षता बनाए रखने के लिए स्काडा प्रणाली का उपयोग किया जाता है। टिकाऊ समाधान के लिए शून्य तरल बहाव (जेडएलडी) को अपनाया गया है। औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों के लिए अलग सीवर लाइनें है।

घ. शहरी स्तर पर वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को अपनाया जाता है। उदाहरण के लिए, धोलेरा में 2500 मिलियन लीटर से अधिक क्षमता वाली 100 मीटर चौड़ी खुली नहर का उपयोग जल संचयन, पार्कों और उद्यानों की सिंचाई के साथ-साथ पेयजल से भिन्न प्रयोजनों के लिए किया जाता है।

ङ. ग्रीन फील्ड सिटी के लिए संपूर्ण बुनियादी ढांचे की योजना स्काडा, सेंसर और स्वचालन के साथ बनाई जाती है ताकि वास्तविक समय की सूचना उत्पन्न की जा सके और उसका कुशल तरीके से संचालन और प्रबंधन किया जा सके। यह कुशल परिवहन प्रबंधन, ई-गवर्नेंस, डिजिटल स्वास्थ्य एवं शिक्षा, आपातकाल और शहरी संचालन को सुगम बनाएगा।

च. हरियाली वाले खुले स्थानों के लिए पदानुक्रम के वर्गीकरण द्वारा हरित स्थानों की योजना निम्नानुसार है:

i. पांच मिनट की पैदल दूरी पर नजदीकी पार्क;

ii. दस मिनट की पैदल दूरी पर सामुदायिक पार्क;

iii. शहर के भीतर स्टॉर्म वाटर केनाल के किनारे लाइनर पार्क।

छ. सार्वजनिक परिवहन के साधनों और मोटर से न चलने वाले साधनों के साथ एकीकृत सुरक्षित और टिकाऊ मल्टी मोडल परिवहन प्रणाली की योजना बनाई गई है।

ज. सामाजिक अवसंरचना वाले क्लस्टरों में पार्किंग की सुविधाओं के साथ परिवहन के प्रमुख इंटरचेंजों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों की योजना बनाई गई है।

झ. सभी झीलों में सुधार किया जा रहा है तथा जल अवरोधन क्षमता बढ़ाने तथा निवासियों को मनोरंजन क्षेत्र उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त नहरों की योजना बनाई गई है।

ञ. निवासियों के लिए पैदल चलने और प्रदुषण कम करने हेतु चौड़े फुटपाथ और साइकिल ट्रैक ।

ट. सभी भूखंडों और परिसंपत्तियों को दृष्टिगत करने के लिए एक व्यापक वेब आधारित जीआईएस एप्लीकेशन। निवेशकों के लिए जानकारी प्राप्त करने, भूमि के लिए आवेदन करने तथा आवंटन तक अपने आवेदन का अनुसरण करने हेतु एक व्यापक ऑनलाइन भूमि प्रबंधन प्रणाली।

1.5 व्यवसाय और संचालन की समग्र स्थिति

क. वर्तमान में, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा कार्यक्रम के अंग के रूप में, निम्नलिखित 11 औद्योगिक गलियारों का विकास किया जा रहा है:

i. दिल्ली मुंबई औद्योगिक गलियारा (डीएमआईसी);

ii. चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक गलियारा (सीबीआईसी);
iii. अमृतसर कोलकाता औद्योगिक गलियारा (एकेआईसी);
iv. पूर्वी तट औद्योगिक गलियारा (ईसीआईसी) के चरण 1 के रूप में विजाग चेन्नई औद्योगिक गलियारा (वीसीआईसी) ;
v. बंगलुरू मुंबई औद्योगिक गलियारा (बीएमआईसी);
vi. कोयम्बटूर होते हुए कोच्चि तक सीबीआईसी का विस्तार;
vii. हैदराबाद नागपुर औद्योगिक गलियारा (एचएनआईसी);
viii. हैदराबाद वारंगल औद्योगिक गलियारा (एचडब्ल्यूआईसी);
ix. हैदराबाद बेंगलुरु औद्योगिक गलियारा (एचबीआईसी);
x. ओडिशा आर्थिक गलियारा (ओईसी); और
xi. दिल्ली नागपुर औद्योगिक गलियारा (डीएनआईसी)।

ख. दिल्ली मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) के अंतर्गत, 04 ग्रीनफील्ड स्मार्ट औद्योगिक शहरों में ट्रंक अवसंरचना का कार्य या तो पूरा हो चुका है या पूरा होने वाला है: शेन्द्रा बिडकिन (महाराष्ट्र), धोलेरा (गुजरात), ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) और विक्रम उद्योगपुरी (मध्य प्रदेश)। सितंबर, 2019 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित शेन्द्रा औद्योगिक क्षेत्र राष्ट्र को समर्पित किया गया। विक्रम उद्योगपुरी और ग्रेटर नोएडा में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप भी माननीय प्रधानमंत्री द्वारा क्रमशः अक्टूबर, 2023 और जनवरी, 2024 में राष्ट्र को समर्पित किए गए। नांगल चौधरी में एकीकृत मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब में बाहरी ट्रंक अवसंरचना के विकास का कार्य चल रहा है और इसके शीघ्र ही पूरा होने की संभावना है।

ग. उपर्युक्त 04 शहरों में लगभग 1,16,010 करोड़ रुपये की निवेश क्षमता वाली कंपनियों को लगभग 1,890 एकड़ क्षेत्रफल वाले कुल 309 भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें ह्योसंग (दक्षिण कोरिया), एनएलएमके (रूस), टाटा केमिकल्स, रिन्यू पावर, कोटाल फिल्म्स (अमेरिकी सहयोग), फूजी सिल्वरटेक (जापानी), जे-वर्ल्ड (दक्षिण कोरिया) और अमूल जैसे निवेशक शामिल हैं। इन 04 शहरों में 80 इकाइयों ने वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया है और 83 कंपनियां निर्माणाधीन हैं। आवंटित भूमि, सुरक्षित निवेश और अनुमानित रोजगार सृजन की नोड-वार स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**परियोजना**	**आवंटित भूखंड (संख्या)**	**क्षेत्रफल (एकड़ में)**	**निवेश (करोड़ रुपये में)**	**रोजगार सृजन (संख्या)**
i.	धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, गुजरात	8	450	96800	5800

क्र. सं.	परियोजना	आवंटित भूखंड (संख्या)	क्षेत्रफल (एकड़ में)	निवेश (करोड़ रुपये में)	रोजगार सृजन (संख्या)
ii.	शेन्द्रा बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र, महाराष्ट्र	237	827	8358	11380
iii.	एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	18	210	6006	18438
iv.	# एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप, विक्रम उद्योगपुरी, मध्य प्रदेश	46	403	4846	12867
कुल		**309**	**1890**	**1,16,010**	**48485**

आईआईटीवीयूएल में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए मध्य प्रदेश सरकार को हस्तांतरित 360 एकड़ सकल भूमि को छोड़कर।

उपर्युक्त 4 एसपीवी के पास औद्योगिक उपयोग के लिए ~ 2,004 एकड़ और मिश्रित उपयोग के लिए ~ 2,250 एकड़ विकसित भूमि उपलब्ध है।

घ. इसके बाद, भारत सरकार ने दिसंबर, 2020 में 03 और परियोजनाएं, कृष्णापट्टनम (आंध्र प्रदेश), तुमकुरु (कर्नाटक) और ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में एमएमएलएच और एमएमटीएच को भी मंजूरी दी।

ट्रंक इन्फ्रास्ट्रक्चर के विभिन्न घटकों के निर्माण हेतु तुमकुरु और कृष्णापट्टनम दोनों नोड के लिए ईपीसी ठेकेदार की नियुक्ति की गई है। माननीय प्रधानमंत्री ने फरवरी, 2023 में तुमकुरु परियोजना की आधारशिला रखी।

ङ. इसके अतिरिक्त, एनआईसीडीआईटी द्वारा निम्नलिखित 05 औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है:

i. खुरपिया फार्म, उत्तराखंड (1,002 एकड़)
ii. राजपुरा-पटियाला, पंजाब (1,099 एकड़)

iii. दिघी पोर्ट औद्योगिक क्षेत्र, महाराष्ट्र (6,056 एकड़)
iv. पलक्काड नोड, केरल (1,710 एकड़)
v. जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, जिसे अब मारवाड़ औद्योगिक क्लस्टर कहा जाता है (1,578 एकड़)

उपरोक्त 05 परियोजनाओं में से क्रम संख्या (i) से (iv) तक की परियोजनाएं भारत सरकार (सीसीईए) के विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई हैं।

क्रम संख्या (v) वाली परियोजना को एनआईसीडीआईटी द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है तथा माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री और माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

च. इसके अलावा, सात (7) और परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिन्हें वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों को अंतिम रूप दिया गया है और परियोजनाओं को एनआईसीडीआईटी द्वारा विचार और मूल्यांकन के लिए रखा जा रहा है:

i. आईएमसी आगरा, उत्तर प्रदेश (1,058 एकड़)
ii. आईएमसी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश (351 एकड़)
iii. आईएमसी गया, बिहार (1,670 एकड़)
iv. आईएमसी हिसार, हरियाणा (1,605 एकड़)
v. कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश (2,595 एकड़)
vi. ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश (2,621 एकड़)
vii. जहीराबाद, तेलंगाना (3,245 एकड़)

विभिन्न गलियारों के अंतर्गत चल रही सभी परियोजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी अगले खंड में दी गई है।

2. परियोजनाओं की संक्षिप्त स्थिति

2.1 एनआईसीडीआईटी और भारत सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजनाएं

क. धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर), गुजरात, डीएमआईसी

- डीएसआईआर की योजना लगभग 920 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बनाई गई है और चरण-I के लिए 22.5 वर्ग किलोमीटर का सक्रियण क्षेत्र चुना गया है, जिसमें ट्रंक अवसंरचना का कार्य पूरा होने वाला है;

- भारत सरकार ने अवसंरचना के विभिन्न घटकों के लिए 2,784.83 करोड़ रुपये के निविदा पैकेजों को मंजूरी दी है, जिन्हें सक्रियण क्षेत्र के लिए पांच पैकेजों में विभाजित किया गया है;
- राज्य सरकार ने डीआईसीडीएल (एसपीवी) को 48.31 वर्ग किलोमीटर भूमि हस्तांतरित की है और 2784.83 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;
- 450 एकड़ क्षेत्रफल वाले 8 प्लॉट आवंटित किए गए हैं जिसमे टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टाटा केमिकल्स एंकर निवेशक के रूप में शामिल है;
- हाल ही में, धोलेरा में सेमीकंडक्टर वेफर फैब इकाई स्थापित करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को लगभग 164 एकड़ भूमि का 1 (एक) भूखंड आवंटित किया गया है;
- ~ 1,100 एकड़ की औद्योगिक भूमि तुरंत आवंटन के लिए उपलब्ध है;
- 1000 मेगावाट के सौर पार्क के विकास के लिए निर्धारित क्षेत्र में से 300 मेगावाट टाटा सोलर पावर लिमिटेड को आवंटित किया गया है;
- एनएचएआई द्वारा अहमदाबाद से धोलेरा तक 6-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और भीमनाथ धोलेरा रेल लिंक की बाह्य संपर्क परियोजनाएं भी कार्यान्वित की जा रही हैं।

ख. <u>शेन्द्रा बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र (एसबीआईए), महाराष्ट्र, डीएमआईसी</u>

- एसबीआईए का भाग-1, 40.2 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करता है;
- राज्य सरकार ने एसपीवी को शेन्द्रा औद्योगिक क्षेत्र के लिए 8.39 वर्ग किलोमीटर तथा बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र के लिए 28.8 वर्ग किलोमीटर का संपूर्ण क्षेत्र हस्तांतरित किया है। एनआईसीडीआईटी द्वारा क्रमशः 602.80 करोड़ रुपये और 2,397.20 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी भी जारी की गई है;
- शेन्द्रा औद्योगिक क्षेत्र के लिए प्रमुख ट्रंक अवसंरचना पैकेज पूरे कर लिए गए हैं;
- माननीय प्रधानमंत्री ने 7 सितंबर, 2019 को इस परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया;
- शेन्द्रा में लगभग 492 एकड़ क्षेत्रफल वाले 216 भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें से एक भूखंड (100 एकड़) एंकर निवेशक के रूप में ह्योसुंग को आवंटित किया गया है।
- बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र के लिए भारत सरकार ने 6,414.21 करोड़ रुपये के अवसंरचना पैकेज को मंजूरी दी है, जिसे तीन चरणों में विकसित किया जाएगा तथा चरण-ए की लागत 2,427.02 करोड़ रुपये होगी। सेक्टर ए (10.32 वर्ग किमी) के लिए प्रमुख ट्रंक अवसंरचना के कार्य पूरे हो गए हैं;
- बिडकिन में 335 एकड़ क्षेत्रफल वाले 21 भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 138 एकड़ भूमि पिरामल फार्मा प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित की गई है;
- एसबीआईए में 682 एकड़ की औद्योगिक भूमि तुरंत आवंटन के लिए उपलब्ध है;

ग. <u>ग्रेटर नोएडा में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप परियोजना, उत्तर प्रदेश, डीएमआईसी</u>

- एसपीवी को 747.5 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी गई है और 617.20 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी भी जारी कर दी गई है;
- भारत सरकार ने अवसंरचना के विभिन्न घटकों के लिए 1,097.5 करोड़ रुपये के निविदा पैकेजों को मंजूरी दी है। ट्रंक अवसंरचना के प्रमुख कार्य पूरे हो चुके हैं;
- 210 एकड़ क्षेत्रफल वाले 18 प्लॉट आवंटित किए गए हैं, जिनमें हायर (122 एकड़) एंकर निवेशक है;
- 122 एकड़ की औद्योगिक भूमि तुरंत आवंटन के लिए उपलब्ध है।

घ. <u>एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप 'विक्रम उद्योगपुरी' परियोजना, उज्जैन, मध्य प्रदेश, डीएमआईसी</u>

- राज्य सरकार ने एसपीवी को 1,026 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी है और 260.54 करोड़ रुपये के ऋण के साथ 55.93 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी भी जारी कर दी गई है (जिसमें से 106.30 करोड़ रुपये का ऋण एसपीवी द्वारा दिसंबर, 2023 में चुकाया जा चुका है);
- भारत सरकार ने अवसंरचना के विभिन्न घटकों के लिए 749.1 करोड़ रुपये के निविदा पैकेजों को मंजूरी दी है। ट्रंक अवसंरचना के प्रमुख कार्य पूरे हो चुके हैं;
- 403 एकड़ क्षेत्रफल वाले 46 प्लॉट आवंटित किए गए हैं, जिनमें अमूल एंकर निवेशक है;
- इसके अलावा, मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 360 एकड़ का सकल क्षेत्रफल भी आवंटित कर दिया गया है।
- 100 एकड़ की औद्योगिक भूमि तुरंत आवंटन के लिए उपलब्ध है।

ङ. <u>नांगल चौधरी, हरियाणा में एकीकृत मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच)</u>

- भारत सरकार द्वारा मई, 2018 में परियोजना को अनुमोदित किया गया;
- इस परियोजना के लिए महेंद्रगढ़ जिले में लगभग 886 एकड़ भूमि की पहचान की गई है;
- परियोजना एसपीवी को 689 एकड़ जमीन हस्तांतरित कर दी गई है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 130 करोड़ रुपये के ऋण के साथ 211.63 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी जारी कर दी गई है;
- लगभग 158 एकड़ भूमि पर मुकदमा चल रहा है और मामला माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में लंबित है;
- चरण-1ए के रूप में 390 एकड़ की मुकदमेबाजी से मुक्त भूमि को विकसित करने का प्रस्ताव है;

- राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा जमा राशि के आधार पर पानी, बिजली और सड़क जैसी बाहरी कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं और निर्माण कार्य पूरा होने के करीब है। परियोजना स्थल तक जलापूर्ति का कार्य पूरा हो गया है;
- डीएफसीसीआईएल द्वारा जमा राशि के आधार पर परियोजना स्थल तक बाहरी रेल संपर्क का कार्य किया जा रहा है और निर्माण कार्य प्रगति पर है;
- आंतरिक ट्रंक अवसंरचना विकास और लॉजिस्टिक्स हब की सुविधाओं को पीपीपी मोड के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा;
- एसपीवी द्वारा 390 एकड़ (चरण-1ए) के लिए पीपीपी मोड पर कार्यों की बोली लगाने के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर (टीए) नियुक्त किया गया है।

च. <u>कृष्णापट्टनम नोड, आंध्र प्रदेश, सीबीआईसी</u>

- कुल 11,095 एकड़ के परियोजना क्षेत्र की विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियाँ पूरी हो चुकी हैं;
- 2,500 एकड़ के चरण 1 के लिए दिसंबर, 2020 में भारत सरकार द्वारा परियोजना को मंजूरी दी गई;
- राज्य सरकार ने एसपीवी को 2,139.15 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 533.86 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;
- ट्रंक अवसंरचना हेतु 2,006 एकड़ के सक्रियण क्षेत्र के लिए ईपीसी ठेकेदार नियुक्त किया गया है;
- डिजाइन और ड्राइंग को अंतिम रूप देने के लिए साइट की स्थापना और सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है।

छ. <u>तुमकुरु नोड, कर्नाटक, सीबीआईसी</u>

- कुल 8,483 एकड़ के परियोजना क्षेत्र की विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियाँ पूरी हो चुकी हैं;
- भारत सरकार द्वारा इस परियोजना को दिसंबर, 2020 में चरण 1 के 1736 एकड़ के सक्रियण क्षेत्र के लिए मंजूरी दी गई;
- राज्य सरकार ने एसपीवी को 1668.30 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 586.74 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;
- ट्रंक अवसंरचना के लिए ईपीसी ठेकेदार की नियुक्ति की गई है और ट्रंक अवसंरचना के लिए मिट्टी की खुदाई का काम प्रगति पर है;
- 06 फरवरी, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परियोजना की आधारशिला रखी गई।

ज. <u>दादरी में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और ग्रेटर नोएडा के बोराकी में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच), उत्तर प्रदेश, डीएमआईसी</u>

- दिसंबर, 2020 में भारत सरकार द्वारा परियोजनाएं अनुमोदित की गई;
- एमएमएलएच और एमएमटीएच परियोजनाएं क्रमशः 825 एकड़ और 358 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित हैं;
- एमएमएलएच के लिए 798 एकड़ (~ 97%) और एमएमटीएच के लिए 319 एकड़ (~ 89%) भूमि राज्य सरकार के अधिकार में है;
- परियोजना एसपीवी को 562 एकड़ (457 एकड़ - एमएमएलएच और 105 एकड़ - एमएमटीएच) भूमि हस्तांतरित कर दी गई है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 853 करोड़ रुपये की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;
- एमएमएलएच साइट के लिए बाहरी और आंतरिक रेल संपर्क के निर्माण कार्य के लिए डीएफसीसीआईएल के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया जा रहा है;
- परियोजना सीमा के भीतर बुनियादी ढांचे के घटकों का विकास पीपीपी मोड पर किया जाएगा;
- एमएमएलएच के लिए, राज्य द्वारा डीपीआर और बोली दस्तावेजों को अनुमोदित कर दिया गया है और ट्रांजेक्शन एडवाइजर द्वारा बाजार की जानकारी जुटाने का काम शुरू किया गया है;
- एमएमटीएच परियोजना के कार्यान्वयन के लिए जनरल कंसलटेंट (जीसी) नियुक्त किया गया हैं, सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है एवं साइट मूल्यांकन रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

2.2 एनआईसीडीआईटी द्वारा अनुमोदित और भारत सरकार द्वारा विचाराधीन परियोजनाएं

क. <u>दिघी पोर्ट औद्योगिक क्षेत्र (डीपीआईए), महाराष्ट्र, डीएमआईसी</u>

- राज्य सरकार ने एनआईसीडीआईटी ढांचे के तहत डीपीआईए के विकास के लिए 6,056 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- नियुक्त सलाहकारों द्वारा विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग के कार्य पूरे कर लिए गए हैं;
- इस परियोजना को राज्य में मौजूदा एसपीवी - महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल टाउनशिप लिमिटेड (एमआईटीएल), पूर्व में औरंगाबाद इंडस्ट्रियल टाउनशिप लिमिटेड (एआईटीएल) द्वारा कार्यान्वित किया जाना है;
- 14 दिसंबर, 2022 को एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड द्वारा परियोजना प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है;
- सीसीईए के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

ख. <u>खुरपिया फार्म, उत्तराखंड, एकेआईसी</u>

- राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1,002 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियाँ पूरी हो चुकी हैं;
- 8 जून, 2022 को एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड द्वारा परियोजना प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है;
- एसएसए और एसएचए को पहले ही क्रियान्वित किया जा चुका है और परियोजना एसपीवी का भी निगमन हो चुका है;
- सीसीईए के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

ग. <u>राजपुरा-पटियाला, पंजाब, एकेआईसी</u>

- राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1,099 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियाँ पूरी हो चुकी हैं;
- 8 जून, 2022 को एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड द्वारा परियोजना प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है;
- एसएसए और एसएचए को पहले ही क्रियान्वित किया जा चुका है और परियोजना एसपीवी का भी निगमन हो चुका है;
- सीसीईए के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

घ. <u>पलक्काड नोड, केरल, सीबीआईसी एक्सटेंशन</u>

- राज्य सरकार द्वारा 1,710.37 एकड़ भूमि की पहचान की गई है;
- एसएचए/एसएसए को क्रियान्वित किया गया है और पलक्काड में आईएमसी के विकास के लिए परियोजना एसपीवी को निगमित किया गया है;
- विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग का कार्य पूरा हो चुका है;
- 14 दिसंबर, 2022 को एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड द्वारा परियोजना प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है;
- सीसीईए के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है;

ङ. <u>मारवाड़ औद्योगिक क्लस्टर (एमआईसी), राजस्थान, डीएमआईसी</u>

- राज्य सरकार ने सूचित किया है कि परियोजना का संशोधित क्षेत्रफल 8,121 एकड़ है जिसे 03 चरणों में विकसित करने का प्रस्ताव है;
- 1,578 एकड़ के क्षेत्रफल वाले चरण-ए को विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियाँ पूरी हो चुकी हैं;

- जेपीएमआईए के लिए राजस्थान सरकार और एनआईसीडीआईटी के बीच एसएचए/एसएसए निष्पादित किया गया है। 15 मार्च, 2022 को एसपीवी को भी निगमित कर लिया गया है;
- एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड द्वारा 14 दिसंबर, 2022 को चरण-ए के लिए परियोजना प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है;
- माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

2.3 परियोजनाएँ जो एनआईसीडीआईटी द्वारा विचारार्थ और मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत की जा रही हैं

क. <u>आईएमसी आगरा, उत्तर प्रदेश, एकेआईसी</u>

- राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1,058 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियों को अंतिम रूप दे दिया गया है;
- राज्य द्वारा एसएचए और एसएसए के मसौदे को मंजूरी दे दी गई है;
- मास्टर प्लान को अधिसूचित करने का काम चल रहा है;
- नवंबर, 2023 में पर्यावरण मंजूरी मिल गई है। टीटीजेड मंजूरी प्रक्रियाधीन है;
- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 21 जून, 2024 को आयोजित अपनी 73वीं बैठक में परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा की है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ और अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

ख. <u>आईएमसी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, एकेआईसी</u>

- राज्य सरकार ने एकीकृत औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकास के लिए मौजूदा स्थल से सटे 231 एकड़ की अतिरिक्त भूमि सहित परियोजना के लिए 351 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- नियुक्त सलाहकार द्वारा विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियों को अंतिम रूप दिया गया है;
- राज्य द्वारा एसएचए और एसएसए के मसौदे को अनुमोदित कर दिया गया है;
- दिसंबर, 2016 में सरस्वती हाई टेक सिटी के लिए पर्यावरण मंजूरी प्राप्त की गई है। 231 एकड़ की अतिरिक्त भूमि के लिए, पर्यावरण मंजूरी में संशोधन किया जाना है।
- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 21 जून, 2024 को आयोजित अपनी 73वीं बैठक में परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा की है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ और अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

ग. <u>आईएमसी, गया, बिहार, एकेआईसी</u>

- राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1,670 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- नियुक्त सलाहकारों ने विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियों को अंतिम रूप दे दिया है;
- राज्य द्वारा एसएचए और एसएसए के मसौदे को अनुमोदित कर दिया गया है;
- ईसी सलाहकार की नियुक्ति की गई है। टीओआर प्रस्तुत किया जा रहा है।
- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 21 जून, 2024 को आयोजित अपनी 73वीं बैठक में परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा की है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ और अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

घ. <u>आईएमसी हिसार, हरियाणा, एकेआईसी</u>

- राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 2,988 एकड़ के कुल क्षेत्रफल में से चरण 1 के लिए 1,605 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की पुष्टि की है;
- नियुक्त सलाहकारों द्वारा विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की गतिविधियों को अंतिम रूप दे दिया गया है;
- राज्य द्वारा एसएचए और एसएसए के मसौदे को मंजूरी दे दी गई है;
- मास्टर प्लान को अधिसूचित करने की प्रक्रिया चल रही है;
- पर्यावरण मंजूरी प्रक्रियाधीन है। 05 फरवरी, 2024 को टीओआर स्वीकृत हो गया है और पर्यावरण मंजूरी के लिए अंतिम आवेदन अप्रैल, 2024 में एसईआईएए, हरियाणा को प्रस्तुत किया गया;
- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 21 जून, 2024 को आयोजित अपनी 73वीं बैठक में परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा की है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ और अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

ङ. <u>कोप्पार्थी औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश, वीसीआईसी</u>

- राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध होने की पुष्टि के आधार पर नियुक्त सलाहकारों द्वारा एनआईसीडीआईटी ढांचे के तहत 2,595 एकड़ भूमि के लिए विस्तृत मास्टर प्लान और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों को अंतिम रूप दिया गया है;
- राज्य ने एसएसए और एसएचए के परिशिष्ट को अनुमोदित कर दिया है;
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण मंजूरी देने पर सहमति व्यक्त की है। अंतिम सिफारिश की प्रतीक्षा की जा रही है;

- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 21 जून, 2024 को आयोजित अपनी 73वीं बैठक में परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा की है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

च. <u>ओरवाकल औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश, एचबीआईसी</u>

- राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर, एनआईसीडीआईटी ढांचे के तहत 4,742 एकड़ भूमि का विकास किया जा रहा है, जिसमें से 2,621 एकड़ भूमि को चरण-I सक्रियण क्षेत्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है;
- नियुक्त सलाहकारों ने चरण-1 सक्रियण क्षेत्र के लिए प्रारंभिक डिजाइन रिपोर्ट और लागत अनुमान को अंतिम रूप दे दिया है;
- राज्य ने एसएसए और एसएचए के परिशिष्ट को अनुमोदित कर दिया है;
- मास्टर प्लान को अधिसूचित करने की प्रक्रिया चल रही है;
- नवंबर, 2020 में पर्यावरण मंजूरी प्राप्त कर ली गई है;
- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 21 जून, 2024 को आयोजित अपनी 73वीं बैठक में परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुशंसा की है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

छ. <u>जहीराबाद फेज 1, तेलंगाना, एचएनआईसी</u>

- राज्य सरकार ने तेलंगाना में 3,245 एकड़ के क्षेत्रफल में जहीराबाद औद्योगिक क्षेत्र के विकास की पुष्टि की है;
- राज्य सरकार द्वारा नियुक्त सलाहकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है;
- राज्य सरकार के साथ एसएचए/एसएसए के मसौदं को अंतिम रूप दिया गया है;
- पीएम गति शक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद परियोजना को एनआईसीडीआईटी द्वारा विचारार्थ और मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

3. <u>अन्य स्टैंडअलोन परियोजनाएं:-</u>

3.1 <u>मॉडल सौर परियोजना, नीमराणा, राजस्थान:</u>

- एनआईसीडीसी नीमराणा सोलर पावर लिमिटेड (एनएनएसपीएल) (जिसे पहले डीएमआईसीडीसी नीमराणा सोलर पावर कंपनी लिमिटेड - डीएनएसपीसीएल के नाम से जाना जाता था) एक विशेष प्रयोजन कंपनी है, जिसे मार्च 2014 में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एनआईसीडीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया गया ।
- कंपनी का मुख्य व्यवसाय सौर ऊर्जा का उत्पादन, विकास और संचय करना और ऐसी बिजली को पारेषित, वितरित और आपूर्त करना और नीमराणा, राजस्थान में 5 मेगावाट क्षमता वाले एक और 1 मेगावाट क्षमता वाले अन्य मॉडल सौर संयंत्रों को बढ़ावा देने, विकसित करने, प्रारंभ करने, इंजीनियर करने, निर्माण करने, पूरा करने, स्थापित करने, संचालित करने, रखरखाव करने, बढ़ाने, आधुनिकीकरण करने और अपग्रेड करने का कार्य करना है।
- सीसीईए के अनुमोदन के अनुसार, ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) की ओर से एनआईसीडीसी लिमिटेड के इक्विटी योगदान के लिए एनआईसीडीसी नीमराणा सोलर पावर लिमिटेड (एनएनएसपीएल) को 13 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।
- 05 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के लिए 05 जून, 2015 को एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल) के साथ विद्युत क्रय करार (पीपीए) निष्पादित किया गया था।
- 23 जुलाई, 2015 को 5 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र को राज्य ग्रिड से जोड़ा गया और तत्पश्चात 3 सितम्बर, 2015 को इसे चालू किया गया। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (आरआरईसीएल) द्वारा कमीशनिंग प्रमाण पत्र जारी किया गया। राज्य ग्रिड (अर्थात 220 केवी आरआरवीपीएनएल जीएसएस नीमराणा) को विद्युत क्रय करार (पीपीए) के अनुसार 8.77 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की दर से बिजली की आपूर्ति की जा रही है।
- भारत में पहली स्मार्ट माइक्रो-ग्रिड परियोजना के रूप में 1 मेगावाट की मॉडल सौर ऊर्जा परियोजना की परिकल्पना की गई है, जो औद्योगिक डीजल जनरेटर सेट के साथ सौर ऊर्जा के एकीकरण का प्रदर्शन करती है।
- दो साल की प्रदर्शन अवधि के दौरान 10 जुलाई 2017 को 1 मेगावाट की क्षमता वाली माइक्रो ग्रिड सौर ऊर्जा आपूर्ति परियोजना चालू की गई। ऑफ-ग्रिड हाइब्रिड बिजली मिकुनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आपूर्त की गई और प्रदर्शन अवधि के सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने के बाद 20 फरवरी, 2020 को पीपीए को पारस्परिक रूप से बंद कर दिया गया है।
- 12 फरवरी 2020 को 10 साल की अवधि के लिए 1 मेगावाट सौर ऊर्जा आपूर्ति की तृतीय पक्ष पार्टी बिक्री के लिए टोयोडा गोसी मिंडा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीजीएमआईपीएल) के साथ एक अन्य विद्युत क्रय करार (पीपीए) निष्पादित किया गया, जिसे राजस्थान सौर ऊर्जा नीति, 2019 के परस्पर सम्मत नियमों और शर्तों के अनुसार 10 साल की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।
- राजस्थान सौर ऊर्जा नीति, 2019 के अनुसार ओपन एक्सेस के माध्यम से 1 मेगावाट सौर ऊर्जा की तृतीय पक्ष बिक्री के लिए 1 मेगावाट की क्षमता वाला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है।
- 08 अप्रैल 2021 को 1 मेगावाट की क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र को ग्रिड से जोड़ा गया और इसके बाद 19 अप्रैल, 2021 को इसे सिंक्रनाइज़ और चालू किया गया। सौर ऊर्जा को राज्य ग्रिड (यानी

33/11 केवी जेवीवीएनएल द्वितीय जीएसएस नीमराणा) में पहुंचाया जा रहा है और 1 जून 2021 से ओपन एक्सेस के माध्यम से टीजीएमआईपीएल को ~ 4.60 रुपये प्रति यूनिट के सहमत टैरिफ पर सौर ऊर्जा की तृतीय पक्ष बिक्री शुरू हो गई है, जिसमें ओपन एक्सेस शुल्क का 50% हिस्सा शामिल है।

3.2 <u>लॉजिस्टिक डेटा बैंक परियोजना:</u>

- एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में डीएमआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड) की लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) प्रणाली एक सिंगल विंडो लॉजिस्टिक्स विज़ुअलाइज़ेशन समाधान है :-
    - जो केवल शिपिंग कंटेनर के नंबर का उपयोग करके एग्जिम कंटेनर मूवमेंट ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करती है;
    - बंदरगाहों से इनलैंड कंटेनर डिपो/कंटेनर फ्रेट स्टेशनों तक;
    - तथा आयात और निर्यात यात्रा के दौरान बंदरगाह से जुड़े पार्किंग प्लाजा, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशन, औद्योगिक गलियारों में भी निगरानी की सुविधा प्रदान करती है।
- परियोजना का शुभारंभ हो गया और 1 जुलाई 2016 से जेएनपीटी बंदरगाह के सभी टर्मिनलों पर सेवाएं शुरू हो गईं।
- वर्तमान में, यह सेवा अखिल भारतीय स्तर पर सभी प्रमुख और कुछ छोटे बंदरगाहों पर चालू है और अब तक 72 मिलियन से अधिक कंटेनरों को टैग/डी-टैग किया जा चुका है।
- बेहतर प्रथम एवं अंतिम पड़ाव तक दृश्यता के लिए नेपाल और बांग्लादेश तथा 72 विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) तक अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार आवागमन के लिए भी सेवाओं का विस्तार किया गया।
- एलडीबी सभी एग्जिम हितधारकों के लिए हर महीने विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करता है, जो प्रदर्शन बेंचमार्क और बाधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
- वर्तमान में, एलडीबी में निम्नलिखित शामिल हैं:
    - भारत के एग्जिम कंटेनर वॉल्यूम का 100%
    - 18 पोर्ट (जिसमें 29 पोर्ट टर्मिनल शामिल हैं)
    - 435 सीएफएस, आईसीडी, खाली यार्ड और पार्किंग प्लाजा (आरएफआईडी इन्फ्रास्ट्रक्चर)
    - 150 टोल प्लाजा (आरएफआईडी इन्फ्रास्ट्रक्चर)
    - 03 आईसीपी (आरएफआईडी इन्फ्रास्ट्रक्चर)
    - 72 एसईजेड (आरएफआईडी इन्फ्रास्ट्रक्चर)
    - 5800 रेलवे स्टेशन (माल संचालन सूचना प्रणाली)।

3.3 <u>एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी):</u>

- भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 17 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के दायरे में एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) लॉन्च किया।
- यूएलआईपी एक डिजिटल गेटवे है जो उद्योग जगत के खिलाड़ियों को एपीआई आधारित एकीकरण के माध्यम से विभिन्न सरकारी प्रणालियों से लॉजिस्टिक्स से संबंधित डेटासेट तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।
- 1800+ क्षेत्रों को कवर करते हुए 118+ एपीआई के माध्यम से 10 विभिन्न मंत्रालयों की 37 प्रणालियों के साथ यूएलआईपी का एकीकरण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है।
- जनवरी 2022 में लॉन्च होने के बाद से यूएलआईपी पोर्टल पर 42 करोड़ से अधिक लेनदेन पूरे हो चुके हैं।
- यूएलआईपी पोर्टल (goulip.in) पर इसके शुभारंभ के बाद से निजी क्षेत्र से 976 पंजीकरण हुए हैं।
- वर्तमान में, 249 निजी कम्पनियों द्वारा उपयोग के 740 मामलों का सत्यापन किया जा चुका है।
- उपयोग के मामलों के विकास के लिए निजी कम्पनियों के साथ 195 से अधिक गैर-प्रकटीकरण करार (एनडीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- यूएलआईपी के एपीआई का लाभ उठाते हुए 76 निजी कम्पनियों के 110 एप्लीकेशन विकसित किए गए।

4. <u>औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए एशियाई विकास बैंक (एबीडी) से नीति आधारित ऋण (पीबीएल)</u>

- मार्च 2020 में, आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की स्क्रीनिंग समिति ने औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए नीति आधारित ऋण (पीबीएल) के रूप में 500 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता को मंजूरी दी। प्रस्तावित ऋण कार्यक्रम का उद्देश्य नीतिगत सुधारों के माध्यम से वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए औद्योगिक गलियारों के विकास में डीपीआईआईटी / एनआईसीडीसी / एनआईसीडीआईटी को सहायता प्रदान करना है।

- पीबीएल को कार्यक्रमिक दृष्टिकोण के तहत 250 मिलियन डॉलर प्रत्येक के दो उप-कार्यक्रमों/किश्तों के साथ संरचित किया गया। कार्यक्रम की निष्पादन एजेंसी (ईए) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय है, जो उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के माध्यम से कार्य करती है, तथा कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) एनआईसीडीआईटी है, जिसे एनआईसीडीसी का सहयोग प्राप्त है।

- यह ऋण भारत सरकार द्वारा वित्त मंत्रालय के माध्यम से लिया गया है तथा इसे चुकता करने और पुनर्भुगतान करने का दायित्व भी भारत सरकार का होगा। औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए समग्र रूप से स्वीकृत कॉपर्स फंड में अनुदान सहायता के रूप में डीपीआईआईटी के माध्यम से एनआईसीडीआईटी को निधि जारी की जाती रहेगी, जिसे भारत सरकार द्वारा अनुमोदित

संस्थागत और वित्तीय ढांचे के अनुसार इक्विटी और/या ऋण के रूप में परियोजना एसपीवी को आगे जारी किया जाएगा।

- उप-कार्यक्रम 1 में दस (10) नीतिगत कार्य शामिल थे, जिनका उद्देश्य औद्योगिक गलियारों में एकीकृत विकास, वित्त पोषण के नवाचारी समाधान और निवेश प्रोत्साहन के लिए संस्थागत संरचनाओं और तंत्र को मजबूत करना है। निष्पादन एजेंसी/कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा नीति मैट्रिक्स में उल्लिखित नीतिगत कार्रवाइयों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, एडीबी ने अक्टूबर 2021 में भारत सरकार को औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए 250 मिलियन अमरीकी डॉलर के पीबीएल के पहले उप-कार्यक्रम को मंजूरी दी। इसके बाद, जनवरी 2022 में ऋण को प्रभावी किया गया और भारत सरकार की समेकित निधि में संवितरित कर दिया गया।

- उप-कार्यक्रम 1 के साथ-साथ, एडीबी ने उप-कार्यक्रम 2 के अंतर्गत कुछ नीतिगत कार्यों के क्रियान्वयन में सहायता के लिए अनुदान के रूप में भारत सरकार को औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए ज्ञान सेवाओं हेतु 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तकनीकी सहायता (टीए) के प्रावधान को भी मंजूरी दी।

